# अजीत कौर को महत्तर सदस्यता मिली



नई दिल्ली। साहित्य अकादमी ने बुधवार को प्रतिष्ठित पंजाबी लेखिका और विदुषी अजीत कौर को अपने सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता से सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप दिया जाने वाला ताम्र फलक और अंगवस्त्रम् साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने प्रदान किया। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने प्रशस्ति पत्र पढ़ा। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में माधव कौशिक ने कहा कि यह अवसर ऋषिऋण उतारने जैसा है।